फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

कालूराम बनाम सहायक कलक्टर आमेर व अन्य

केस संख्या 210/2019 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
23.02.2021	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। अप्रार्थी संख्या 2 की ओर से वकील श्री बनवारी शर्मा उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर आमेर की पीठासीन अधिकारी श्रीमती जूही भार्गव का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अप्रार्थी अधिवक्ता इस कथन से सहमत है। उभय पक्ष अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर आमेर के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 82/2019 व उनवानी बिदामी देवी बनाम कालूराम व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्रीमती जूही भार्गव से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर आमेर की तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्रीमती जूही भार्गव का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 23/2/21 (अन्तर सिंह नेहरा) जिला कलक्टर जयपुर	